पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, बृहस्पतिवार 22 अगस्त, 2019





सदस्यता प्रमुख को सदस्यों के फार्म सौंपते हुए।

## जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा के विकास का औसत राष्ट्रीय स्तर से बेहतर

**लोकार्पण**

**संवाददाता**

जनजातीय शोध संस्थान एवं संस्कृति केन्द्र तथा संग्रहालय का लोकार्पण

संस्थान देश का विश्वसनीय संस्थान बनेगाः मुण्डा



जनजातीय शोध संस्थान एवं संस्कृति केन्द्र का लोकार्पण करते हुए।

देहरादून। केन्द्रीय जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुण्डा एवं मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को दून यूनिवर्सिटी रोड स्थित नवनिर्मित जनजातीय शोध संस्थान एवं संस्कृति केन्द्र तथा संग्रहालय का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने जनजाति क्षेत्रों के समग्र विकास एवं शिक्षा के बेहतर प्रयासों के लिये उत्तराखण्ड सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में जनजाति क्षेत्रों के विकास से सम्बन्धित जो भी योजनायें राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को प्रेषित की जायेगी। उसके क्रियान्वयन में केन्द्र सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने देहरादून में जनजाति शोध संस्थान की स्थापना के लिये भी मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा के विकास का औसत राष्ट्रीय स्तर से बेहतर है। केन्द्रीय मंत्री मुण्डा ने कहा कि यह शोध संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर जनजाति विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों जनजाति समाज द्वारा देश के प्रति किये गये योगदान के साथ ही जनजाति समाज के एतिहासिक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मनोविज्ञान वेल्यूज एथिक्स आदि को संजोने का कार्य करेगा ताकि हमारी भावी पीढ़ी अपने गौरवपूर्ण अतीत से परिचित हो सके।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान देश का विश्वसनीय संस्थान बनेगा। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा के विकास पर और अधिक ध्यान दिये जाने के साथ ही वन भूमि क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों के लिये माइक्रो प्लान तैयार करने एवं विलुप्त हो रही जनजाति प्रजातियों को संरक्षित करने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास एवं कल्याण की दिशा में राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कालसी एकलव्य विद्यालय से 13 छात्र–छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिला है, यह प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

### केंद्रीय मंत्री से रुड़की से मसूरी तक पीएनजी व सीएनजी बिछाई जाने को लेकर की चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में उत्तराखण्ड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात कर स्वच्छ कुम्भ, ग्रीन कुम्भ के विषयों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने अधीनस्थ अधिकारियो को निर्देश दिया कि हरिद्वार में पलूशन फ्री, फायर फ्री और वेस्ट फ्री महाकुम्भ का आयोजन करने के लिये हरिद्वार का भ्रमण कर बैठक कर ले।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेवतृत्व होने वाले महाकुम्भ आयोजित करने के लिये मदन कौशिक ने बैठक के दौरान हरिद्वार के कचरा प्रबंधन निस्तारण एव गैस की आपूर्ति ऊर्जा की मांग के संदर्भ में प्रस्ताव रखा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से रूड़की से मसूरी तक पीएनजी व सीएनजी बिछाई जाने के विषय में चर्चा की। हरिद्वार शहर व महाकुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिये एवं ऊर्जा उपलब्ध कराने जाने तहत सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के लिए पीपीपी(पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप) मोड के तहत प्रस्ताव बनाया जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला के दौरान बॉयोगैस एनर्जी, के लिए एथेनॉल एवं बॉयोडीजल का उपयोग किया जायेगा, इससे फायर सेफ्टी में भी मदद मिलेगी। इस संदर्भ में संयुक्त सचिव केन्द्र सरकार एवं देहरादून ओ.एन.जी. सी के साथ पुनः बैठक होगी।

## प्राथमिकता में राष्ट्रीय राजमार्ग को पूर्ण करने का काम

**चर्चा**

- महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर मदन कौशिक मंत्री गडकरी से मिले

देहरादून। **संवाददाता**



जल संसाधन विकास मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते राज्य सरकार के मंत्री मदन कौशिक।

नई दिल्ली स्थित परिवहन भवन में उत्तराखण्ड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने केन्द्रीय जल संसाधन विकास मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर महाकुम्भ मेला 2021 से संबन्धित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुज्फर नगर हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग को जल्द पूर्ण करने के लिये सर्वोच्च प्राथमिकता रखी है।

बैठक में मुजफ्फरनगर–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो में तेजी लाने के टेण्डर प्रक्रिया की अवधि 18 माह से कम करके 1 वर्ष करने के लिये सहमति व्यक्त किया गया। इससे सम्बन्धित कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करने के बाद पुनः टेण्डर प्रक्रिया के निर्देश दिये गये थे।

मुजफ्फरनगर–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालपुल के बराबर रेलवे पुल को कुम्भ की दृष्टि से जल्द पूर्ण किया जायेगा। बैठक में कहा गया कि नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों में तेजी लाने एवं चण्डी पुल पर राजमार्ग के लिये पुल बनाने के कार्य में तेजी लाया जाएगा। हरिद्वार रिंग रोड़ में 3 फेज में कार्य होना है।

कुम्भ की दृष्टि से दूसरे चरण के कार्य को सबसे पहले प्रारम्भ करने के लिये और इस मार्ग पर गंगा पुल बनाने के लिये सहमति व्यक्त किया गया। इस संदर्भ में पुनः देहरादून में 27 अगस्त को अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग की उच्च स्तरीय बैठक लेने का निर्देश केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने दिया।

### स्नातक कक्षाओं में सेमेस्टर सिस्टम के विरोध में उतरा अभाविप

**(संवाददाता)** देहरादून। अभाविप ने स्नातक कक्षाओं में सेमेस्टर सिस्टम का विरोध किया है। संगठन के पदाधिकारियों एवं छात्र संघ के नेताओं ने दून के चार प्रमुख कॉलेजों के प्राचार्यो को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। साथ ही उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत को भी इस संबंध में पत्र भेजा। डीबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीसी पांडे को ज्ञापन सौंप संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि कॉलेजों में आधारभूत सुविधाएं व शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे बिना ही सीबीसीएस सिस्टम शुरू कर दिया गया है। राज्य सरकार ने यूजीसी के मानकों को खानापूर्ति के लिए तो लागू कर दिया था, लेकिन अब यह छात्रों पर भारी पड़ रहा है।

### पीआरसीआई चैप्टर एवं विव ने छात्रों के लिए आयोजित किया जनसंपर्क अभ्यास सत्र

**संवाददाता** देहरादून। पब्लिक रिलेशन कांउसिल ऑफ इण्डिया (पीआरसीआई) देहरादून चौप्टर एवं दून विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को दून विश्वविद्यालय के एडमिन ब्लॉक में जनसंपर्क के विद्यार्थियों के लिए एक लेक्चर का आयोजन किया गया। दून यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन के एचओडी एवं पीआरसीआई दून चैप्टर के अध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार ने पीआरसीआई दून चौप्टर के नेशनल प्रतिनिधि पंकज तिवारी का स्वागत किया। पीआरसीआई दून चैप्टर द्वारा आयोजित लेक्चर भारत में जनसंपर्क अभ्यास के विकास पर केंद्रित रहा जिसमें पीआर प्रैक्टिशनर, वर्तमान मीडिया परिदृश्य, पीआर के विभिन्न विषयों और कंपनियों में जनसंपर्क अभ्यास की उभरती रणनीतिक भूमिका को लेकर चर्चा की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रभारी व सहायक प्रभारी नियुक्त किये

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सी रविशंकर ने अवगत कराया है कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत, सामान्य निर्वाचन माह सितम्बर–अक्टूबर में होने सम्भावित है। जिलाधिकारी विभिन्न व्यवस्थाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए जनपद के विभिन्न अधिकारियों को प्रभारी सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

### अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का निरीक्षण किया

**(संवाददाता)** देहरादून। जिला निरीक्षण एवं मूल्यांकन समिति द्वारा विशेष भूमि अर्जन अधिकारी अवधेश सिंह के नेतृत्व में जनपद देहरादून के विभिन्न अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का (नियमित निरीक्षण शेड्यूल के तहत) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन–जिन केन्द्रों पर छोटी–छोटी कमियां पाई गई हैं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

### जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिह शेखावत से की मुलाकात

**(संवाददाता)** देहरादून। नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में उत्तराखण्ड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिह शेखावत से मुलाकात कर नमामि गंगे से सम्बन्धित घाट निर्माण पर चर्चा करते हुये कुम्भ के पूर्ण घाट निर्माण एवं हरिद्वार में श्मशान घाट के आधुनिकरण के लिये अनुरोध किया गया।

### 'थ्रिल सिटी' में लांच हुई ऑल–न्यू बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज

**(संवाददाता)** देहरादून। ऑल–न्यू बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज, दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स सेडान की दमदार सातवीं पीढ़ी को आज गुरुग्राम में 'थ्रिल सिटी' में लॉच किया गया। स्थानीय रूप से बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में बनाई गई, ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू 3सीरीज अब भारत में सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स पर डीजल और पेट्रोल वैरिएंट्स में उपलब्ध है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।

संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

फैक्स नं०- 0135-2650558

(M) 9319700701

pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।